तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## खबर संक्षेप

### निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 21 को

**मनेन्द्रगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 21 अगस्त को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प वार्ड क्रमांक 17 भगत सिंह वार्ड जोड़ा तालाब छठघाट के पास जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगा। इस अवसर पर मेसर्स सेफ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विसेस रायपुर दुर्ग भिलाई राजनांदगांव एवं डोगरगढ़ के विभिन्न निजी नियोजकों द्वारा कुल 50 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें सिक्योरिटी गार्ड सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं लेवर जैसे पद शामिल हैं जिनके लिए न्यूनतम योग्यता साक्षरता से लेकर स्नातक तक निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 17,000 रूपए तक का वेतनमान प्रदान किया जाएगा।

### अत्यधिक शराब पीने से गंभीर महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** नर्मदापुर निवासी फूलमनि उर्फ धीचा पति खोखरा (55 वर्ष) 15 अगस्त को गांव में घूम-घूम कर शराब पी और आने जाने वाले लोगों से गाली-गलौज करने लगी। इसी बीच गाली देने पर गांव के ही एक व्यक्ति ने उसका मुंह दबा दिया जिसके बाद महिला बस्ती की ओर चली गई और शराब पीने के पश्चात घर में आकर सो गई। सुबह महिला के चेहरे में सूजन आ गया। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बिगड़ी स्वास्थ्य सेवाएं, कोरिया में करीब 300 कर्मी हैं कार्यरत

# एनएचएम स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी अपनी मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर चले गए हैं। इससे जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में लगभग 300 स्वास्थ्यकर्मी एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत हैं। हड़ताल पर चले जाने से जिलेभर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहले ही दिन बंद हो गए। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मरीजों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, हड़ताल जारी रहेगी। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं के बाधित


सूनसान स्वास्थ्य केन्द्र।

होने से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कोरिया और एमसीबी जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी अपनी मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर चले गए हैं, इससे स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कोरिया जिले में 300 स्वास्थ्य कर्मी है, जिनके अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर चले जाने के कारण जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई। हालत यह है कि पहले दिन हड़ताल के चलते जिले में संचालित हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर बंद रहे।

उक्त स्वास्थ्य सेंटर में सीएचओं सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी एनएचएम के तहत भर्ती किए गए है, जो अपनी मांगों को लेकर प्रांतीय पदाधिकारियों के आह्वान पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए। इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य विभाग की हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में तालाबंदी की नौबत आ गई है, स्वास्थ्य विभाग वेकल्पिक व्यवस्था भी नहीं बना पा रही है, इसके अलावा सामुदायिक ⏭ शेष पेज 4 पर

### पटवारियों का ऑनलाइन कार्य बहिष्कार

राजस्व विभाग के पटवारी अपनी प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित तो कर दिया ,लेकिन वे अब ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार शुरू कर दिए हैं, इसके चलते किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं फसल सर्वेक्षण एवं कृषि पंजीयन का ऑनलाइन कार्य को लेकर समस्या उत्पन्न हो गई है। हालांकि उक्त कार्यों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है, ताकि सर्वेक्षण एवं कृषि पंजीकरण का कार्य प्रभावित न हो, इसके बावजूद किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## 32 लाख से अधिक के ठगी का फरार आरोपी गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**बैकुण्ठपुर/चरचा कॉलरी।** कोरिया पुलिस ने भूमि धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश कर 32 लाख से अधिक की ठगी करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शमीम खान पिता मुमताज खान उम्र 42 वर्ष, निवासी नरसिंहपुर मझगवां थाना बैकुंठपुर के रूप में हुई है। आरोपी ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि विक्रय के नाम पर लाखों रुपए ऐंठे थे।

सुनीता गुप्ता निवासी चरचा से 16.90 लाख रूपए, गिरजा देवी निवासी चरचा से 7.70 लाख रूपए, सिकंदर साव निवासी भट्ठीपारा बैकुंठपुर से 7.90 लाख रूपए, इस तरह कुल 32.50 लाख रूपए की धोखाधड़ी की पुष्टि हुई है। इन प्रकरणों पर थाना चरचा में अपराध क्रमांक 90/2025, 160/2025 एवं 161/2025 धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी भादवि दर्ज किया गया था। आरोपी शमीम लंबे समय से फरार था, जिसे 18 अगस्त को पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने नगद व चेक के माध्यम से राशि लेने की बात स्वीकार की है। प्रारंभिक जांच में अन्य पीड़ितों से भी ठगी करने के सबूत मिले हैं। इस गंभीर अपराध का खुलासा पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में हुआ। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चरचा प्रमोद पाण्डे, उपनिरीक्षक अनिल सोनवानी, सहायक उपनिरीक्षक बालकृष्ण राजवाड़े, प्रधान आरक्षक बृजेश सिंह, आरक्षक सागर लाल केवट, महिला आरक्षक रंजना एवं सैनिक राजेश टांडे का विशेष योगदान रहा।

## कलेक्टर ने किया डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** जिले में चल रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्यों का कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। जिले के कुल 161 गांव में सर्वे होना है। इसमें बैकुंठपुर के 73, पटना के 48, सोनहत के 9 तथा बचरा पोंड़ी के 31 ग्राम शामिल हैं।

सर्वे कार्य गांव के युवाओं द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से किया जा रहा है, इसके तहत खेतों में जाकर फसल एवं भूमि का निरीक्षण कर ऑनलाइन डाटा अपलोड किया जा रहा है। सभी गांवों में सर्वेयर की नियुक्ति हो चुकी है और प्रारंभिक स्तर पर कार्य भी शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने 18 अगस्त को तहसील पटना के ग्राम करजी में पहुंचकर सर्वे की प्रगति


निरीक्षण करती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम दीपिका नेताम तथा तहसीलदार प्रतीक जायसवाल को सर्वे की गति तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही जहां आवश्यकता हो वहां अतिरिक्त सर्वेयर नियुक्त करने को भी कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वे कार्य की सतत निगरानी हो तथा आंकलन पूरी तरह गुणवत्ता पूर्ण और वास्तविक तथ्यों पर आधारित हो। उन्होंने कहा कि डिजिटल सर्वे से किसानों को बेहतर सुविधा और योजनाओं का लाभ मिलेगा, इसलिए कार्य को गंभीरता से संपादित किया जाए।

## क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा की मरचुरी बदहाल

■ परिजन बरसात में भीगने को विवश

**चरचा कॉलरी।** क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा की मरचुरी की स्थिति अत्यंत दयनीय है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण मृतक के परिजन को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मरचुरी के सामने लगी टाइल्स जगह-जगह टूटी हुई हैं और शेड में लगी फाइबर शीट कई हिस्सों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बरसात के दिनों में इन दरारों से लगातार पानी रिसता रहता है, जिससे वहां खड़े परिजन भींगने को मजबूर हो जाते हैं। बैठने की कोई व्यवस्था नहीं होने से शोकाकुल परिजन को घंटों खड़े रहकर इंतजार करना पड़ता है। मरचुरी की यह बदहाल स्थिति विभागीय लापरवाही की सीधी गवाही देती है। मृतक के परिजन को सम्मान और सुविधा देने के लिए मरचुरी का तत्काल मरम्मत एवं सुधार आवश्यक है। इस संदर्भ में महाप्रबंधक बीएन


बदहाल मरचुरी।

झा की भूमिका महत्वपूर्ण है, उन्हें इस समस्या का तत्काल संज्ञान लेते हुए अस्पताल प्रशासन को निर्देशित करना चाहिए कि मरचुरी की मरम्मत और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था शीघ्र कराई जाए। मरचुरी की स्थिति में सुधार होने से नहीं केवल मृतक के परिजन को सुविधा मिलेगी, बल्कि उन्हें अपने प्रियजन को गरिमा और सम्मान के साथ अंतिम विदाई देने का अवसर भी प्राप्त होगा।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन करेगा 22 को हड़ताल

■ विश्रामगृह में बैठक कर बनीं रणनीति

**बैकुण्ठपुर।** छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के प्रांतीय आह्वान पर कोरिया जिला के समस्त कर्मचारी-अधिकारी का बैठक 17 अगस्त को विश्राम गृह भवन बैकुंठपुर में संपन्न हुआ।

भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में दिए मोदी की गारंटी सरकार के द्वारा वादा की गई थी, उन्हीं गारंटी के परिपालन में कोरिया जिला के समस्त संगठन के कर्मचारी-अधिकारी की संयुक्त बैठक आयोजित हुआ। इसमें केन्द्र के सम्मान प्रदेश के कर्मचारी एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं वर्ष 2019 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की ⏭ शेष पेज 4 पर






## घुमंतू व आवारा मवेशियों को मिला आश्रय

**बैकुण्ठपुर।** घुमंतू व आवारा गौवंश की समस्या से निजात दिलाने के लिए ग्राम पंचायत भाड़ी ने एक सराहनीय कदम उठाया है।

उप सरपंच श्रीमती संगीता सिंह चौहान की पहल और सरपंच, सचिव सहित ग्रामवासियों के सहयोग से यहां गौशाला की स्थापना की गई है, जो अन्य पंचायतों के लिए एक प्रेरणादायी संदेश बन गई है। उप सरपंच श्रीमती चौहान ने बताया कि पूर्व में वे अपने घर पर भी आवारा गौवंश की सेवा करती रही हैं, लेकिन जिम्मेदारी मिलने के बाद



पूरे गांव की समस्या को देखते हुए सामूहिक पहल की गई। सरकारी भूमि पर निर्मित इस गौशाला में 200 से अधिक गौवंश सुरक्षित रखे गए हैं, इनके भोजन-पानी की व्यवस्था के लिए दो लोगों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि अब आवारा पशु सड़कों पर नहीं भटकेंगे और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। ⏭ शेष पेज 4 पर

### फुटबॉल स्पर्धा 2 अक्टूबर से

**ओड़गी।** गणेश उत्सव आयोजन समिति कालामांजन ओड़गी द्वारा विगत 40 वर्षों से लगातार फुटबॉल स्पर्धा आयोजित कराया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 2 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 12 अक्टूबर को समाप्त होगी। बैठक में विजेता टीम के लिए प्रथम पुरस्कार राशि 51 हजार एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार राशि 40 हजार, शील्ड तृतीय पुरस्कार राशि 30 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 20 हजार रुपए निर्धारित की गई। इसके साथ ही दो टीमों के लिए सांत्वना राशि 10-10 हजार रुपए रखने का निर्णय लिया गया है।

### रामानुज महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

# विद्यार्थी जीवन में अनुशासन ही सफलता का मूल मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत द्वितीय शिक्षण सत्र में शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन इंडोर स्टेडियम में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े, विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर श्रीमती नविता शिवहरे,


कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक भईयालाल।

शिक्षाविद् एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य यूएस शुक्ला, पार्षद श्रीमती शिल्पा गुप्ता, श्रीमती ममता गोयल एवं वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती वंदना राजवाड़े अध्यक्ष जनभागीदारी समिति एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण से हुआ। प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने स्वागत उद्बोधत देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की सुविधाओं एवं संसाधनों से परिचित कराया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने तिलक व पुष्पवर्षा कर नए छात्रों का स्वागत किया।

समारोह में एनईपी एम्बेस्डर के रूप में बीए से अभय मोदी एवं कुमारी अन्नपूर्णा, बीएससी से नरेश कुमार एवं कुमारी निकिता साहू, बी.कॉम से कृष्णकांत राजवाड़े एवं सुहानी पटवा को परिचय पत्र एवं बैच प्रदान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों को बी एवं सी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ⏭ शेष पेज 4 पर




# द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान के बड़े बेटे आर्यन खान भी अब ओटीटी पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, आर्यन पिता की तरह एक्टिंग में नहीं, बल्कि निर्देशक के तौर पर बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। आर्यन अपना डेब्यू ओटीटी से कर रहे हैं। रविवार को उनके डेब्यू शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की पहली झलक सामने आ गई है। 1 मिनट 26 सेकंड के इस वीडियो में आर्यन खान सबसे पहले नजर आते हैं। वो अपने इस शो के बारे में बताते हैं। आर्यन अपने पिता शाहरुख खान की फिल्म 'मोहब्बतें' का सुपरहिट डायलॉग 'एक लड़की थी दीवानी सी ' बोलते हैं।

## लाइफ Style

# निधि




## 300 लड़कियों को हराकर किया डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना, श्रीलीला, उर्वशी रौतेला समेत कई ऐसी यंग एक्ट्रेसेज हैं, जिन्होंने अपनी डबल उम्र के सुपरस्टार संग बड़े पर्दे पर काम किया है। यहां हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने 22 साल बड़े एक्टर संग रोमांस किया।

बॉलीवुड डेब्यू के लिए इस एक्ट्रेस ने 300 लड़कियों को हराकार रोल हासिल किया। श्रीलीला 'पुष्पा 2' से लाइमलाइट में आई। रश्मिका मंदाना ने सलमान खान संग सिकंदर में काम किया।उर्वशी रौतेला ने नंदमुरी बालाकृष्ण और सनी देओल संग काम किया। इन सभी जोड़ियों में काफी एज गैप था। इंडस्ट्री में एक और ऐसी एक्ट्रेस जिसने 22 साल बड़े सुपरस्टार संग रोमांस किया। अब तक एक भी ब्लॉकबस्टर नहीं दे पाई है, लेकिन बॉलीवुड से लेकर साउथ तक इसका जलवा है। इसकी कई पैन इंडिया फिल्म रिलीज हुईं हैं। प्रभास के अपॉजिट भी दिखाई देंगी। इस एक्ट्रेस का नाम निधि अग्रवाल है। निधि का सफर एक छोटे शहर की लड़की से बड़े स्क्रीन की चमकदार हीरोइन बनने तक इंस्पिरेशन से भरा है। उन्होंने 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'मुन्ना माइकल' के जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रखा था. निधि को इस रोल के लिए 300 से ज्यादा लड़कियों के बीच से चुना गया था। निधि अग्रवाल की बचपन से ही डांस में रुचि थी। बैले से लेकर कथक और बेली डांस तक, निधि ने हर स्टेप को बड़ी मेहनत और लगन से सीखा। ये डांस का हुनर बाद में उनके अभिनय में जान डालता गया।

## हॉलीवुड मसाला



# द गॉडफादर ने बनाया इंटरनेशनल स्टार

**लॉस एंजिल्स।** जब भी हॉलीवुड के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं की बात होती है, तो रॉबर्ट डी नीरो का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। डी नीरो सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने अपने अभिनय से सिनेमा को एक नई पहचान दी। उन्होंने सिर्फ किरदार नहीं निभाए, बल्कि उन्हें जिया, उनमें सांस ली और दर्शकों को यह यकीन दिला दिया कि पर्दे पर जो दिख रहा है, वह अभिनय नहीं, हकीकत है। डी नीरो का फिल्मी का1रियर 1968 की फिल्म 'ग्रीटिंग्स' से शुरू हुआ। लेकिन, 1974 में आई 'द गॉडफादर पार्ट II' ने उन्हें इंटरनेशनल लेवल पर स्टार बना दिया।



# बीमार एक्ट्रेस को डॉक्टर की बजाय झाड़-फूंक करवाने ले गई टीम

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस झाओ लुसी के साथ कुछ ऐसा हुआ है, जो आपका दिल दहला देगा। 26 साल की एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर अपनी दर्दनाक आपबीती सुनाई है। रोज़ी झाओ के नाम से फैंस के बीच पॉपुलर एक्ट्रेस ने बताया है कि वह डिप्रेशन की बीमारी से जूझ रही हैं। लेकिन, हैरान करने वाली बात ये है कि उनकी इस मानसिक हालत में भी उनकी टैलेंट एजेंसी टीम ने उनका इलाज किसी एक्ट्रेस से करवाने की बजाय झाड़-फूंक का सहारा लिया है। झाओ ने आरोप लगाया है कि टैलेंट एजेंसी उनकी हालत के लिए 'भूत-प्रेत' को जिम्मेदार मानती है और इसे भगाने के लिए उन्हें मजबूर किया गया। मुझे एक होटल में बंद कर दिया और एक ओझा को बुलाकर मेरा भूत भगाने के लिए कह गया। 'द रोमांस ऑफ टाइगर एंड रोज' और 'हिडन लव' जैसी पॉपुलर सीरीज में काम कर चुकी झाओ लुसी को साल 2016 में 'वैरायटी' के सुपरहिट शो 'मार्स इंटेलिजेंस एजेंसी' में डेब्यू के साथ ही सफलता मिली थी।



# भारत माता की जय का लगाया नारा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर एक बार फिर सोशल मीडिया की हैडिंग में छा गई हैं। जन्माष्टमी उत्सव से उनका एक वीडियो सामने आया है। जहां वह दही हांडी फोड़ती दिख रही हैं। इस दौरान वह भारत माता की जय का नारा भी लगाती हैं। मगर इस वीडियो के देखने के बाद कुछ लोग उन्हें ट्रोल भी करने लगे। उनकी फिल्म परमसुंदरी 29 अगस्त को रिलीज हो रही है। जाह्नवी कपूर घाटकोपर के एक दही हांडी कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान वह ट्रेडिशन अवतार में पहुंचीं। वह कलश उठाती हैं फूलों से भरी मटकी को फोड़ती हैं। उनके इर्द-गिर्द काफी भीड़ भी नजर आ रही हैं। इस कार्यक्रम के बाद जान्हवी कपूर का एक वीडियो भी इंस्टाग्राम पर काफी वायरल हुआ। दही हांडी फोड़ते हुए जाह्नवी कपूर भारत माता की जय का नारा भी लगाती हैं।



# कंगना के विवादित बयान पर छिड़ी बहस

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रनौत अपने बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं। इस बार उन्होंने निशाना साधा है भारत में बढ़ती डेटिंग ऐप कल्चर पर। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने डेटिंग एप्स को समाज का गटर बताते हुए कहा कि ये प्लेटफॉर्म 'असफल लोगों' के लिए हैं, न कि असली 'अचीवर्स' के लिए। कंगना के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कई लोग जहां उनके विचारों से सहमत नजर आए, वहीं बहुतों ने उन्हें पुरानी सोच वाली और एकतरफा बताया। कंगना के इस बयान पर सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंट गया है। कुछ लोगों ने कहा कि वो सही कह रही हैं और आज के रिश्तों में गहराई की कमी है। वहीं बाकी यूजर्स ने उन्हें जजमेंटल बताया और कहा कि डेटिंग एप्स से उन्होंने अपने सच्चे जीवनसाथी को पाया है।

## टीवी मसाला



# 7.50 लाख के सवाल पर ली 2 लाइफ लाइन! फिर भी हार गईं कल्याणी

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के चौथे एपिसोड में दो कंटेस्टेंट को हॉटसीट पर बैठने का मौका मिला। पहली कंटेस्टेंट कल्याणी ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन 7.50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल से न सिर्फ उन्हें दुविधा हुई, बल्कि ऑडियंस का अंदाजा भी गलत साबित हुआ। सवाल जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। कल्याणी ने 5 लाख के सवाल पर पहली लाइफ लाइन इस्तेमाल की. सवाल था- लगातार 16 सालों तक भुवनेश्वरी कुमारी ने किस खेल में राष्ट्रीय महिला एकल खिताब जीता है? विकल्प हैं- बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्क्वाश और टेनिस. कंटेस्टेंट ने विकल्प सी. स्क्वाश चुनकर 5 लाख रुपएजीते. उन्होंने बताया कि वे मां-बाप को भारत-भ्रमण के लिए 5 लाख रुपए देना चाहती हैं। उन्होंने आगे सुपर संदूक में 70 हजार जीते, जिससे एक लाइफ लाइन जिंदा कर ली।कल्याणी 7.50 लाख के सवाल पर अटक गईं। सवाल है- तुर्कमेनिस्तान में 'नर्क का द्वार'उपनाम वाले एक गैस क्रेटर का स्थानीय नाम क्या है, जहां लगभग आधी सदी से लगातार आग जल रही है?ए. दोजख, बी. जहन्नम, सी. कुआं, डी. दरवाजा। कंटेस्टेंट ने सवाल का सही जवाब देने के लिए पहले '50-50 लाइफ लाइन का इस्तेमाल किया। दो गलत जवाब हटने के बाद उन्हें 'जहन्नम-दरवाजा'विकल्प मिला। उन्होंने एक और लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया। ज्यादातर ऑडियंस ने विकल्प 'जहन्नम'चुना। वे जनता के साथ जाती हैं और विकल्प बी को चुनती हैं, मगर यहां जनता गलत साबित होती है। 'दरवाजा'सही जवाब है। वे 5 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। वे काफी निराश थीं।

## फिर से निभाना चाहते हैं श्रीकृष्ण का किरदार

**नई दिल्ली।** टीवी धारावाहिक 'महाभारत' में जब नितीश भारद्वाज ने श्रीकृष्ण का किरदार निभाया, तब उन्होंने केवल एक भूमिका नहीं निभाई,



बल्कि करोड़ों लोगों के दिलों में कृष्ण को जगा दिया। आज भी जब लोग उन्हें देखते हैं तो सहज ही उन्हें कृष्ण कहकर पुकारते हैं। उन्होंने कहा कि अब मेरी समझ और गहरी हो गई है। अगर मौका मिला तो मैं कृष्ण को पहले से भी बेहतर निभाऊंगा। नितीश भारद्वाज कहते हैं कि मेरे लिए जन्माष्टमी कोई बाहरी त्योहार भर नहीं है। मेरे लिए यह दिन अपने अंदर झांकने का होता है। मैं ध्यान करता हूं, गुरु से मिले मंत्र का जाप करता हूं और आत्मचिंतन करता हूं। पूजा-पाठ और परंपराएं जरूरी हैं, लेकिन असली कृष्ण हमें अपने अंदर ही मिलते हैं। बचपन की यादों को ताजा करते हुए अभिनेता बताते हैं कि तब दही हांडी केवल खेल नहीं था, बल्कि समाज को जोड़ने वाला त्योहार था। कृष्ण की माखन चोरी की लीला यही सिखाती है कि समाज के सभी लोग मिल-जुलकर रहें।

# कभी कुश्ती करते थे सुरेश वाडेकर प्रतियोगिता जीतकर बने गायक

**नई दिल्ली।** भारतीय संगीत जगत में कुछ आवाजें ऐसी होती हैं जो सीधे दिल को छू जाती हैं। सुरेश वाडेकर की आवाज उन्हीं में से एक है। एक ऐसा नाम, जो शास्त्रीय गायकी की गहराई से लेकर फिल्मी संगीत के हर रंग में निखरकर सामने आया। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि सुरेश वाडेकर पहले पहलवान बनना चाहते थे? कुश्ती के दांव-पेंच से लेकर माइक के सामने सुर साधने का उनका सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है।

**प्रारंभिक जीवन :** सुरेश ईश्वर वाडेकर का जन्म 7 अगस्त 1955 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक मध्यमवर्गीय मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता ईश्वर वाडेकर मुंबई के लावर पड़ेरेल के गिरगांव इलाके में स्थित कपड़ा मिल में वर्कर थे, वहीं उनकी माता जी मजदूरों के लिए खाना बनाती थीं। परिवार जल्द ही गिरगांव में बस गया, जहां सुरेश का बचपन बीता।



### कुश्ती की प्रतियोगिताओं में लेते थे हिस्सा

बचपन से ही उनका रुझान शारीरिक खेलों की तरफ था। खासकर कुश्ती में उनकी गहरी दिलचस्पी थी। स्कूल और कॉलेज में वो अक्सर प्रतियोगिताओं में भाग लेते और अव्वल आते। उनका सपना था कि वो एक दिन पहलवान बनें, लेकिन किस्मत ने उनके लिए कुछ और ही सोच रखा था। सुरेश को खेलों के रुचि के साथ-साथ छोटी उम्र से ही भजन और संगीत सुनने का भी शौक था। पिता भी भजन गाया करते थे, जिससे घर में संगीत के संस्कार पनपने लगे। कम उम्र में ही उनके पिता ने उनकी गायकी में प्रतिभा देख ली और प्रारंभिक संगीत शिक्षा शुरू कर दी।

### पहलवान से कैसे बन गए गायक?


8 वर्ष की उम्र में सुरेश वाडेकर की संगीत प्रतिभा परंपरागत गुरु अचायरी जियालाल वसंत ने पहचानी और उन्हें ट्रेन करना शुरू किया। उन्होंने गुरुकुल पद्धति में शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दी एवं गुरु के संरक्षण में स्कूली पढ़ाई भी की। बाद में प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से उन्होंने साल 1968 में प्रभाकर प्रमाणपत्र प्राप्त किया। इसके बाद वो मुंबई के आर्य विद्या मंदिर में संगीत शिक्षक के रूप में जुड़े और पेशेवर रूप में शिक्षा देना शुरू किया। कॉलेज के दिनों में उन्होंने संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया और वहीं से उनके जीवन की दिशा बदल गई। जिस प्रतियोगिता में उन्होंने भाग लिया था, वो प्रतिष्ठित 'संगीत नाटक अकादमी' द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने के बाद उन्हें संगीत को कॅरियर बनाने की प्रेरणा मिली।

# बेहद खूबसूरत हीरोइन, सिर्फ 5 फिल्मों में किया था काम, शादी के बाद छोड़ा कॅरियर

**मुंबई।** बॉलीवुड की दुनिया फिल्मी के साथ-साथ चकाचौंध से भरी हुई है। यहां कई कलाकारों ने कॅरियर के पीक पर आकर रिस्क लिया। कुछ के लिए ये फायदेमंद साबित हुआ और कुछ की नैया डूब गई। आज हम आपको एक ऐसी ही अदाकारा के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने एक्ट्रेस तब्बू के साथ डेब्यू किया था। फिर ए-लिस्टर एक्टर के साथ शादी की और पीक पर करियर छोड़ दिया। मगर रिश्ता ज्यादा दिन चला नहीं और इनका तलाक हो गया। पति को भी जेल हो गई। और मौत भी ठीक वैसे हुई, जैसे इनकी सास ने इस दुनिया को अलविदा कहा था। आइए जानते हैं कि ये कौन हैं।

### देव आनंद की हीरोइन थीं

इस अदाकारा ने 1985 में आई 'हम नौजवान' से डेब्यू किया था। इसमें तब्बू और देव आनंद भी थे। इसके बाद इन्होंने सफलता के कदम चूम और इंसाफ की आवाज (1986), सड़क छाप (1987) और अनुभव (1987) में काम करने का मौका मिला। इनका नाम ऋचा शर्मा था, जो संजय दत्त की पहली पत्नी थीं।



### ऋचा शर्मा की डेब्यू मूवी

ऋचा शर्मा का जन्म 1964 में दिल्ली में हुआ था। लेकिन, बाद में वह फैमिली के साथ न्यूयॉर्क चली गई थीं। वह देव आनंद की बहुत बड़ी फैन थीं। अमेरिका में उनसे मिलीं तो हीरोइन बनने की इच्छा जता दी। हालांकि, वह 13-14 साल की थीं। जिस कारण देव आनंद फिल्मों में लेने से उन्हें कतरा रहे थे। मगर बाद में उन्होंने 1985 में आई मूवी में कास्ट कर लिया।

## खाने की खुशबू और मिठास भी दिखी 'लंच बॉक्स' में

# कुकिंग और खानपान पर बनी हैं ये बॉलीवुड फिल्में

*मुंबई। फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है। यह फिल्म हीर (दिविता जुनेजा) पर आधारित है, जिसका सपना है शेफ बनना। अपने कुकिंग स्किल्स के जरिए भारतीय व्यंजनों को वह विदेश में पहुंचाने की कोशिश करती है। कुकिंग और खानपान की थीम पर और भी कई फिल्में काफी चर्चित हैं।*

**बावर्ची :** साल 1972 में रिलीज हुई फिल्म बावर्ची में अभिनेता राजेश खन्ना को बावर्ची के रूप में दिखाया। फिल्म में राजेश खन्ना एक संयुक्त परिवार के लिए काम करने वाले बावर्ची की भूमिका में नजर आए। खानपान की थीम पर बनी इस फिल्म में भारतीय संस्कार, परंपराओं और पारिवारिक ढांचे को भी बड़ी खूबसूरती से दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया।

**चीनी कम :** हिंदी सिनेमा के मेगा स्टार अमिताभ बच्चन की फिल्म चीनी कम की अनोखी प्रेम कहानी भी खाने से जुड़ी हुई है। यह फिल्म साल 2007 में रिलीज हुई। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 64 साल के शेफ का किरदार निभाया था। फिल्म में शेफ बने अमिताभ बच्चन को खुद से 30 साल छोटी तब्बू से प्यार हो जाता है। उनके बीच प्यार पनपने की वजह हैदराबादी पुलाव है, जो अमिताभ बहुत अच्छा बनाते हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन के इसी खूबी से तब्बू उनकी फैन बन जाती है।

### स्टेनली का डब्बा

यह फिल्म साल 2011 में रिलीज हुई। स्टेनली का डब्बा एक ऐसे बच्चे स्टेनली की कहानी है, जो अपने स्कूल कभी भी टिफिन बॉक्स नहीं लेकर इसलिए नहीं आता है, क्योंकि स्कूल के खड़ूस प्रिंसिपल को अपने स्टूडेंट्स के टिफिन बॉक्स खाने की गंदी आदत है। स्टेनली जब स्कूल में टिफिन नहीं लाता है, तो प्रिंसिपल उससे खार खाने लगता है। अमोल गुप्ते के निर्देशन में बनी इस फिल्म दिव्या दत्ता, पार्थ गुप्ते, दिव्या जगदाले, राज जुत्शी की मुख्य भूमिकाएं थी। इस फिल्म को कई इंटरनेशनल अवॉर्ड भी मिल चुके हैं।



**लंच बॉक्स :** खाने की खुशबू और मिठास इरफान खान की फिल्म 'लंच बॉक्स' में भी दिखी। यह फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई। फिल्म में बहुत खूबसूरत और प्यारी सी लव स्टोरी को पेश किया गया था। फिल्म में निम्रत कौर और दिवंगत एक्टर इरफान खान लीड रोल में हैं।

**शेफ :** फिल्म 'शेफ' (2017) की कहानी एक पिता और बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें पिता अपनी जॉब की वजह से बेटे और परिवार की तरफ ध्यान नहीं दे पाता है। इसकी वजह से दोनों के रिश्तों में कड़वाहट आने लगती है। लेकिन इसके बाद वो अपनी नौकरी को छोड़कर परिवार के पास वापस आ जाता है और अपना खुद का फूड ट्रक बिजनेस खोलता है। इस फिल्म में सैफ अली खान ने शेफ की भूमिका निभाई थी।

***शर्मा जी नमकीन :*** *दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर ने अपनी आखिरी फिल्म 'शर्माजी नमकीन' (2022) में एक ऐसे व्यक्ति शर्मा जी की भूमिका निभाई थी, जिसे कंपनी से सेवानिवृत होने के बाद घर में खाली बैठना पसंद नहीं है। टाइमपास के लिए शर्मा जी किट्टी पार्टी में खाना बनाने का काम शुरू कर देते हैं। शर्मा जी के हाथ का बना खाना सभी को बहुत पसंद आता है। खाना बनाने का काम शर्मा जी अपने बच्चों से छुपाकर रखते हैं, लेकिन एक दिन उनकी पोल खुल जाती है।*

***तरला :*** *यह फिल्म 07 जुलाई 2023 को ओटीटी पर रिलीज हुई। यह खाने पर बनी फिल्म है। इसमें हुमा कुरैशी लीड रोल में हैं। दरअसल फिल्म, शेफ तरला दलाल की बायोपिक है और हुमा ने लीड रोल किया है। तरला दलाल भारत की पहली महिला शेफ थी, जिन्हे पाक कला के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।*

## खबर संक्षेप

### जेबीसीसीआई मानकीकरण समिति की बैठक 23 सितंबर को होने की संभावना

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया को वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 9277.09 करोड़ रुपए का अतिरिक्त मुनाफा हुआ है,ऐसे में इस बार कोलकर्मियों को दुर्गा पूजा के अवसर पर मिलने वाला सालाना बोनस पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रकम मिलने की उम्मीद है,ज्ञात हो कि पिछले माह देशव्यापी हड़ताल के दौरान मजदूर संगठनों ने कोलकर्मियों से कहा था कि हड़ताल सफल होती है तो बेहतर बोनस के लिए प्रबंधन पर दवाब बनाया जायेगा, बताया गया कि मानकीकरण समिति की बैठक 23 सितंबर को दिल्ली में कोल इंडिया प्रबंधन ने आयोजित की है,सालाना बोनस का फैसला जेबीसीसीआई मानकीकरण समिति की बैठक में ही होता आया है,जेबीसीसीआई सदस्यों द्वारा इस वर्ष एक लाख रुपए बोनस हेतु मांग की बात कही जा रही है, गौरतलब है कि इस वर्ष 22 सितंबर से दुर्गा पूजा शुरू होने वाली है,वर्ष 2024 में कोलकर्मियों को 93,750 रुपए और ठेका मजदूरों को 8.33 फीसदी बोनस दिए जाने पर सहमति बनी थी।

### सीईओ की पदस्थापना निरस्त करने की मांग सरपंच संघ ने मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** जनपद पंचायत प्रतापपुर में विवादित अधिकारी जय गोविंद गुप्ता के सीईओ का प्रभार सौंपे जाने का आदेश अब बड़े विवाद का रूप ले चुका है। इसके विरोध में जनपद पंचायत अध्यक्ष सुखमनिया आयाम, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य एवं अधिकांश ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने मुख्य सचिव, आदिम जाति कल्याण विभाग को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए पदस्थापना को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि प्रतापपुर जनपद आज प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में चौथे स्थान पर पहुंचकर नया मुकाम हासिल कर चुका है। वर्तमान प्रभारी सीईओ डॉ. नृपेंद्र सिंह ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कुछ पंचायतों को नियमबद्ध तरीके से कार्य करने सख्ती दिखाई थी, जिससे कुछ सरपंच असंतुष्ट अवश्य हुए बार-बार हटाने की मांग कर रहे थे। लेकिन अधिकांश जनप्रतिनिधियों का मानना है कि जनपद की प्रगति को देखते हुए किसी विवादित अधिकारी को यहां पदस्थ करना उचित नहीं है। संघ का आरोप है कि जय गोविंद गुप्ता पूर्व में मैनपाट जनपद में सीईओ रहते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना की 11.60 लाख रुपये की राशि गबन करने के आरोपी हैं। इस मामले में थाना कमलेश्वरपुर में धारा 420 और 409 भादवि के तहत अपराध दर्ज है और मामला उच्च न्यायालय बिलासपुर में विचाराधीन है। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि विवादित सीईओ का प्रभार प्रतापपुर को दिया गया तो व्यापक स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### ग्रामीण के घर चोरों का धावा, पार किया नकदी समेत 75 हजार के जेवर

**अम्बिकापुर।** ग्राम बाजारडांड निवासी ग्रामीण के घर का ताला तोड़ चोरों ने नकदी समेत लगभग 75 हजार कीमत के जेवरात पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम सरभंजा बाजारडांड़ निवासी उमेश कुमार गुप्ता आ. गरीबा साव 15 अगस्त के दिन पत्नी के साथ सुबह घर में ताला लगाकर गांव के हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाने गया था। , स्वतंत्रता दिवस मनाकर करीब 10.30 बजे घर वापस आया तो देखा घर का ताला टुटा हुआ और दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखा तो कमरे में बक्सा का ताला भी टूटा हुआ था, और बक्सा में रखे नगद 6 हजार रूपए सहित 75 हजार के सोने चांदी के जेवरात गायब थे। मकान मालिक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(3) के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### कल्याणपुर में वृद्ध ने घर समीप पेड़ पर लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी एक वृद्ध ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम कल्याणपुर भट्टीपारा निवासी 60 वर्षीय साधारण राम पिता हीरा सिंह गोंड ने रविवार को अज्ञात कारणों से घर से कुछ ही दूर एक महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवेचना शुरू कर दी है।बताया गया कि मृतक वृद्ध ने पूर्व में भी आत्महत्या करने का असफल प्रयास किया था।

### माउंट लिट्रा में मनाया गया 15 अगस्त और कृष्ण जन्मोत्सव



**अंबिकापुर।** स्वतंत्रता की और भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर माउंट लिट्रा जी विद्यालय में 15 अगस्त को एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अभिषेक अग्रवाल, निर्देशक केपी दीक्षित, दीपेश गुप्ता, नितेश मेहता, राधेकृष्ण गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया व छात्रों द्वारा जोशीले नारे लगाए गए। मुख्य अतिथि अभिषेक अग्रवाल सर के प्रेरणादायी संदेश द्वारा बच्चों को देशभक्ति की राह दिखाई। निर्देशक नितेश मेहता ने बच्चों को आजादी का महत्त्व समझाया तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वागत भाषण, स्वतंत्रता दिवस भाषण व देशभक्ति से ओत-प्रोत समूह गीत और समूह नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं स्कूल में जन्माष्टमी की पावन छटा बिखेरते हुए, श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ा प्रेरणादायी कथानक वाचन और मनमोहक जन्माष्टमी-थीम पर आधारित समूह नृत्य ने दर्शकों को भक्ति भाव में सराबोर कर दिया।

## दल से अलग होकर क्षेत्र में विचरण कर रहा हाथी

# घर से बाहर निकले वृद्ध को हाथी ने कुचल कर मार डाला, पत्नी ने भागकर बचाई जान



घटना स्थल पर लेगों की भीड़ व जांच करती पुलिस।



दंतैल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

दल से अलग होकर अकेले घूम रहे हाथी बीती रात बतौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत टीरंग के कोरकोट पारा में पहुंच गया। अचानक हाथी के गांव में आ जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इधर गांव विचरण करने रहे हाथी ने जंगल के समीप एक घर को तोड़ने लगा। घर को क्षतिग्रस्त करने की आवाज आने पर जब वृद्ध बाहर निकला तो हाथी ने हमला कर उसे कुचल कर मार डाला। घटना को देख पत्नी किसी तरह भागकर जान बचाई। आज घटना की जानकारी लगने पर वन अमले की टीम ने मृतक के परिजन को सहायता राशि उपलब्ध कराई।

**खास बात**

- क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत, कर रहे रतजगा

जिले के बतौली, लुण्ड्रा सहित जशपुर सरहद पर हाथी का विचरण लगातार जारी है। शनिवार रात लुण्ड्रा वन परिक्षेत्र में दल से अलग होकर अकेला घूम रहा हाथी बतौली वन परिक्षेत्र में पहुंच गया। रात में हाथी ग्राम पंचायत टीरंग के कोरकोट पारा में जंगल किनारे घर बनाकर रह रहे ढेचकू पैकरा आ. रनसाय (65 वर्ष) के घर को तोड़ने लगा। घर को तोड़ने की आवाज सुनकर ढेचकू पैकरा घर से बाहर निकला तो हाथी को देख उसके होश उड़ गए। ग्रामीण हाथी से बचकर भाग पाता इससे पहले ही हाथी ने हमला कर उसे पटक कर मार डाला। जबकि पत्नी सुलरिया पैंकरा किसी तरह हाथी से बचकर बस्ती की ओर भाग अपनी जान बचाई और घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों द्वारा पटाखा फोड़ने तथा शोर मचाकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा तब तक वृद्ध की घटना स्थल पर ही मौत हो चुकी थी।

### मानपुर में ढहाया घर

दल से अलग हुए हाथी ने बीती रात ही मानपुर के जयनाथ नगेशिया के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और जंगल में विचरण कर रहा था। हाथी के जंगल में विचरण की जानकारी लगते ही मानपुर, टीरंग, बांसाझाल के लोगों में दहशत का माहौल है। सरगुजा में लगातार हाथियों ने डेरा जमाए हुए है जहां लुण्ड्रा के टानागढ़ 2618 में एक नर, एक मादा मैनपाट में 13 हाथी अब भी विचरण कर रहे है। बीती रात टीरंग में वृद्ध पर हमला करने के बाद जशपुर सरहद में चला गया है वन विभाग के मुस्तैद होने के बावजूद वृद्ध की जान चली गई।

### पुलिस व जनप्रतिनिधि पहुंचे घटना स्थल

घटना की सूचना पर बतौली थाना प्रभारी चंद्रप्रताप तिवारी, एसआई संजय गुप्ता अपनी टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे जहां शव का पीएम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। इस दौरान भाजपा के देवनाथ सिंह , रज्जू राम, मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता द्वारा भी पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना प्रकट की।

### उपलब्ध कराई गई सहायता राशि

पीड़ित परिवार को 25 हजार की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है उन्हें 5 लाख 75 हजार की राशि और दी जाएगी। हाथी पर लगातार नजर रखी जा रही है और लोगों को सतर्क भी किया जा रहा है।

-विजय तिवारी, रेंजर

## ग्राम पंचायत मोहरसोप के ग्रामीण पिछले 10 दिनों से हाथी के उत्पात से परेशान

**बिहारपुर।** ग्राम पंचायत मोहरसोप के ग्रामीण पिछले दस दिनों से हाथी के उत्पात मचाने से परेशान है। आलम यह है कि शाम ढलते ही हाथी गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से गांव में पहुंच जमकर न सिर्फ उत्पात मचाते है बल्कि खेत में लगाए गए केला के पौधे व धान एवं मक्का की फसल को नुकसान पहुंचाते है। पिछले दस दिनों से हाथियों के गांव में आने का सिलसिला जारी है जिससे क्षेत्र के ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर है।

- शाम ढलते ही गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से गांव में पहुंच जाते है हाथी
- उखाड़े केला के पौधे, धान की फसल को पहुंचाया नुकसान

ओडगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहरसोप में 10 दिनो से रात के समय हाथी गांव में पहुंच खेतों में घुसकर जमकर उत्पात मचा रहे है। हाथी ने केले के दर्जनों पौधे उखाड़ फेंके और धान की फसलों को रौंद डाला जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार यह हाथी पिछले 10 दिनों से गांव के आसपास ही डेरा जमा रखे है जो शाम ढ़लते ही अचानक खेतों में पहुंच जाते है और घंटों तक खेतों में लगी धान एवं मक्का की फसल को खाते व रौंदते है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाथी ने सबसे पहले केले के बगीचे में प्रवेश कर कई पौधों को उखाड़ दिया और फिर धान की तैयार फसल को कुचल डाला। खेतों में लगी खड़ी हरी-भरी फसल देखते ही देखते बर्बाद हो गई। इधर खेत में हाथी के आने की जानकारी लगते ही ग्रामीण टॉर्च और लाठियां लेकर मौके पर पहुंचे तथा ढोल-नगाड़ा और पटाखों की आवाज से हाथी को भगाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का गांव में आकर फसलों को नुकसान पहुंचाने की कोई नई बात नहीं है। पिछले 8 से10 साल से इस क्षेत्र में हाथियों का आने जाने का सिलसिला जारी है। कई बार वन विभाग को सूचना देने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। ऐसे में दिन-रात मेहनत कर तैयार किए फसल को हाथियों द्वारा नुकसान पहुंचाते है जिससे किसानों के सालभर की कमाई बर्बाद हो जाती है।



### खेतों की रखवाली करना खतरनाक

गांव के बुजुर्गों ने बताया कि हाथियों का झुंड पास के जंगल से अक्सर गांव स्थित खेतों में पहुंच जाते है और खेतों में लगाए गए केला, धान और मक्का की फसल को भारी नुकसान पहुंचाते है। हाथियों से खेतों में लगी फसल की रखवाली ग्रामीण करते है लेकिन रात के समय उनके लिए रखवाली करना काफी खतरनाक होता है।

### ग्रामीणों ने की मुआवजा की मांग

ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से तत्काल हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ने तथा पीड़ित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो वे सामूहिक आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### बना रहें है मुआवजा प्रकरण

गर्मी से ही दंतैल हाथी बिहारपुर क्षेत्र से लगे गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में है। बीच-बीच में गांव में आकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। पीड़ित किसानों के मुआवजा प्रकरण लगातार बनाई जा रही है।

-मेवा लाल पटेल, वन परिक्षेत्र अधिकारी

## 175 नग नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया युवक, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लखनपुर क्षेत्र में गशत कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ नशीले इंजेक्शन के मुख्य कारोबारी को गिरफ्तार किया बल्कि उसके पास से छिपा कर रखे भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में नशीले इंजेक्शन के कारोबारियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। बीती रात लखनपुर क्षेत्र में गशत करने के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना लखनपुर अंतर्गत जमगला निवासी प्रीतम कुमार रवि भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन लाकर घर से बेच रहा है। सूचना पर उड़नदस्ता टीम ने जमगला तालापारा निवासी प्रीतम कुमार रवि के घर दबिश दी और उसके घर की तलाशी लेने पर एक अल्मुनियम के बड़े ट्रक के अंदर गर्म कपड़े के बीच थैले में छुपा कर रखे 175 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर आज न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई, साथ में जिले के आबकारी उप निरीक्षक आकाश साहू भी उपस्थित रहे। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह सक्रिय रही।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि सरगुजा, बलरामपुर और सूरजपुर जिले के लगभग 15 छोटे बड़े इंजेक्शन, कफ सिरप, टैबलेट विक्रेताओं को जेल डालने के कारण इन नशीले पदार्थों की कीमत में वृद्धि हो गई है। अब बेचने वाले कम लोग रह गए हैं, जिसके कारण 250 रुपए में बिकने वाला नशीला इंजेक्शन आज 1 हजार रुपए में बिक रहा है। अब दो-चार लोग ही बचे हैं जिनको जेल में डालने से काफी हद तक नशीले पदार्थों की बिक्री में कमी आएगी।

### बाइक की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम सरईपारा निवासी सीताराम आ. स्व. विष्णु घासी (60 वर्ष) 11 अगस्त की रात परिवार के साथ गांव के रिश्तेदार के यहां गए थे। रात में सभी पैदल वापस घर आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वृद्ध को टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज सुबह मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सरपंच एवं पंच ने कराई जर्जर सड़क की मरम्मत

**प्रेमनगर।** पिछले दिनों हुई लगातार भारी बारिश के बाद बरगाहपारा की कच्ची सड़क के कीचड़ में तब्दील हो गई जिससे लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र के लोगों ने कच्ची सड़क के जर्जर हो जाने तथा आवागमन में हो परेशानी से क्षेत्र के सरपंच व पंच को अवगत कराया। जिस पर सरपंच एवं पंच ने अपने खर्च से जर्जर सड़क की मरम्मत कराई। सड़क के मरम्मत हो जाने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। ग्राम गोविंदपुर के बरगाहपारा में भारी वर्षा के चलते कच्ची मुख्य मार्ग पर जगह जगह गड्ढे हो जाने तथा बारिश के दौरान मार्ग के कीचड़ में तब्दील हो जाने से लोगों को न सिर्फ आवागमन में परेशानी होती बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती। सड़क की खराब स्थिति की जानकारी वार्डवासियों ने ग्राम पंचायत सरपंच रंगसाय मरपच्ची और पंच श्रीमती मंजू को दी। जानकारी मिलते ही दोनों जनप्रतिनिधियों ने त्वरित पहल करते हुए मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। तत्पश्चात स्वयं के ख़र्च पर तुरंत जेसीबी मशीन की व्यवस्था कर जर्जर सड़क की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कराया गया। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और सरपंच एवं पंच के त्वरित निर्णय एवं सक्रियता की सराहना की। ग्रामीणों ने बताया कि समय पर की गई पहल जनप्रतिनिधियों की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचायक है।



## झूठा सारे लोक में, नातों का यह जाल सत्य-प्रेम की मूर्ति हैं, एक यशोदा लाल

**अम्बिकापुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर तुलसी साहित्य समिति के द्वारा केशरवानी भवन में गीता मर्मज्ञ ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. रामनारायण शर्मा और विशिष्ट अतिथि पं.सच्चिदानंद पांडेय थे। गोष्ठी का शुभारंभ वरिष्ठ कवि बीडी लाल द्वारा रचित ग्रंथ 'श्रीकृष्ण चरितम्' के सस्वर पाठ से हुआ। विचारक ब्रह्माशंकर सिंह ने श्रीकृष्ण को पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान विष्णु का पूर्णावतार बताते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने संसार को निष्काम कर्म की शिक्षा दी। उन्होंने कर्म करने और कर्म को ही अपना धर्म मानने की सलाह दी। आज के लोग फल यानी परिणाम को ध्यान में रखकर कर्म करते हैं, जो कि उनके हाथ में होता ही नहीं हैं। फलस्वरूप वे दुख व चिन्ता के भागी बनते हैं। पं. रामनारायण शर्मा ने कहा कि श्रीकृष्ण का प्राकट्य ऐसे समय में हुआ जब अन्याय और अत्याचार चरम पर था। कंस अपने पिता को कैद कर स्वयं राजा बनकर पूरे राज्य में आतंक फैला देता है। ऐसे महा अंधकार की बेला में भगवान विष्णु श्रीकृष्ण के रूप में अवतरित होकर दुष्टों का विनाश और सज्जनों की रक्षा करते हैं। पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने गीता को सम्पूर्ण वेदों का सार बताया और कहा कि इससे लोक की सारी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। व्याख्याता सच्चिदानंद पांडेय ने कृष्ण को प्रकृति का महान, प्रमी व संरक्षक बताया। काव्य गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष दोहाकार व शायर मुकुंद लाल साहू ने अपने दोहे में भगवान कृष्ण को सत्य व प्रेम की प्रतिमा बताया- झूठा सारे लोक में, नातों का यह जाल। सत्य-प्रेम की मूर्ति हैं, एक यशोदा लाल। कवि जयंत खानवलकर ने अपने गीत में गोविंद से दर्शन देने का अनुनय किया- हे नन्दलाला, मदनगोपाला सुन लो अरज हमारी। कष्ट निवारो, दर्शन दे दो, मोर-मुकुट गिरधारी। यही बात कवि रामलाल विश्वकर्मा ने भी कही- गोकुल को छोड़कर मथुरा में बसे हो श्याम। इतना तो बता देते गोकुल कब आओगे। गोष्ठी में कवि प्रकाश कश्यप ने अपने दोहे में गीता के उपदेश से जगत में परिवर्तन होने का विश्वास व्यक्त किया- गीता में श्रीकृष्ण ने, दिया यही उपदेश। निज क्षमता पहचानिए, बदलेगा परिवेश। वरिष्ठ कवयित्री मीना वर्मा ने श्रीकृष्ण से सहज प्रेम-संबंध का जिक्र किया- नइ जानव, नइ जानव रे संगी, मया-पिरित के डोर कइसे बांधिन नइ जानव रे। वरिष्ठ कवि जय गुप्त ने देह के नाशवान होने व यशकाया के अमर होने का वर्णन अपने काव्य में किया- अर्जुन को दे गीता-ज्ञान जो महासमर जिताता है। कवि श्याम बिहारी पांडेय को श्याम के आने का पूरा भरोसा है। उन्होंने कविता द्वारा सबको यही आश्वासन भी दिया कि- देहाभिमान का जब नाश होता है, आएंगे फिर से कान्हा विश्वास होता है। इन कवियों के अलावा गोष्ठी में वरिष्ठ गीतकार देवेन्द्रनाथ दुबे, विनोद तिवारी, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर, चन्द्रभूषण मिश्र, अजय सागर, राजेन्द्र राज, मनव्वर अशरफी और शायर- ए- शहर यादव विकास ने भी श्री कृष्ण भक्ति विषयक सरस कविताओं की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। धन्यवाद-ज्ञापन हरिशंकर सिंह ने किया। इस अवसर पर केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, लीला यादव, मनीलाल गुप्ता, प्रमोद आदि काव्यप्रेमी उपस्थित रहे।



### हेल्थ टॉक एवं निःशुल्क परामर्श शिविर विशेषज्ञ चिकित्सक ने दी सेवाएं

**अंबिकापुर।** पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों, उनके परिवारों की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों कों दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा हेल्थ टॉक एवं निःशुल्क परामर्श शिविर लगाया गया। इस शिविर में राम कृष्ण केयर हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। शिविर के दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों ने कहा कि सरगुजा पुलिस द्वारा पुलिस वेलफेयर अंतर्गत एक दिवसीय हेल्थ टॉक एवं निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. राहुल पाठक ने पुलिस की कार्यशैली को देखते हेतु कमर, गर्दन, पैर एवं मस्तिष्क संबंधी रोगों, उनके उपचार एवं घरेलू निदान के सम्बन्ध मे चर्चा की गई। इस दौरान उप निरीक्षक अश्वनी दीवान, सउनि मनोज सिंह सहित अन्य मौजूद थे। , सहित विभिन्न सामाजिक संगठन नवाबिहान एवं काफी संख्या मे पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**सीतापुर।** नगर समेत क्षेत्र में मौजूद शासकीय अर्द्धशासकीय संस्थानों में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस की 79वी वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के सभी शासकीय एवं निजी संस्थानों में संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी दी गई। इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर नगर के सभी शासकीय कार्यालयों पर आकर्षक सजावट की गई थी। सभी कार्यालयों को रंग बिरंगे एवं आकर्षक झालरों से सजाया गया था। स्वतंत्रता दिवस की 79वी वर्षगांठ पर लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में विधायक रामकुमार टोप्पो ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्रवासियों के नाम मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया एवं सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। संदेश वाचन के बाद स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता अनुज एक्का ने ध्वजारोहण कर सलामी दी।

## देहदान करने वालों के परिवारों को किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरगुजा जिला ने पूरे प्रदेश के लिए एक नई और प्रेरणादायी मिसाल पेश की है। इस राष्ट्रीय पर्व पर देहदान करने वाले परिवारों को सम्मानित करने वाला सरगुजा प्रदेश का पहला जिला बन गया है।

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सरगुजा के चेयरमैन आदित्येश्वर शरण सिंह देव द्वारा जिला कलेक्टर को अवगत कराकर इस प्रेरणादायी पहल का सुझाव दिया गया। जिला प्रशासन ने इसे स्वीकारते हुए उन परिवारों को विशेष सम्मान प्रदान किया जिन्होंने समाज सेवा की राह में अपना अमूल्य योगदान दिया है। इस अवसर पर स्व. विजय कुमार पटेल, स्व. डॉ. भागीरथी गौराहा एवं स्व. श्रीमती अंजनी भगत के परिवारों को सम्मानित किया गया।







यह सम्मान उनके महान निर्णय और समाज में देहदान व अंगदान की जागरूकता को बढ़ावा देने के प्रति कृतज्ञता व श्रद्धांजलि स्वरूप अर्पित किया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सरगुजा, निरंतर रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान और देहदान जैसे जीवनदायिनी अभियानों के माध्यम से एक जीवन से अनेक जीवन बचाने का कार्य कर रही है। इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी ने ने लोगों से आह्वान किया है कि हम सब मिलकर इस महान परंपरा को आगे बढाएं। रक्तदान, अंगदान और देहदान जैसे संकल्प केवल जीवन बचाते ही नहीं, बल्कि समाज में मानवीय संवेदनाओं को भी सशक्त बनाते हैं। आपका छोटा सा योगदान किसी अन्य के लिए नई जिंदगी की सबसे बड़ी सौगात बन सकता है।

## खबर संक्षेप

### परेड में एनसीसी ट्रूप ने हासिल किया पहला स्थान



बैकुण्ठपुर। 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर स्थित मिनी स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस परेड में शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के एनसीसी का प्लाटून सीएसएम सोमिल कुमार के नेतृत्व में मार्च पास्ट का शानदार प्रदर्शन किया। परेड जूनियर में एनसीसी के प्लाटून नंबर 6 ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। मुख्य अतिथि विधायक बिलासपुर एवं पूर्व केबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के द्वारा कमांडर सीएसएम सोमिल कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शील्ड प्रदान किया गया। पूरे कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स राधेश्याम पैकरा और शिवशंकर राजवाड़े ने शानदार पायलेटिंग करते हुए मुख्य अतिथि की अगुवाई की। एनसीसी परेड की संपूर्ण तैयारी एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल के नेतृत्व में कराई गई। परेड जूनियर द्वितीय स्थान विद्यालय के स्काउट दल नायक कमलभान सिंह को शील्ड प्रदान किया गया।

### कांग्रेस कार्यालय में एआईसीसी सचिव ने किया ध्वजारोहण

अम्बिकापुर। स्वतंत्रता के अवसर पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा कार्यालय राजीव भवन में एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सहप्रभारी सुश्री जरीता लैतफलांग के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कांग्रेस पार्टी में ध्वजारोहण से संबंधित सभी परंपराओं को निभाने का दायित्व कांग्रेस सेवादल को है। इन परंपराओं का पालन करते हुए कांग्रेस सेवादल शहर के जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार और महिला सेवादल की जिलाध्यक्ष शहर प्रीति सिंह ने सेवादल के कार्यकर्ताओं के साथ ध्वजारोहण की तैयारियों को अंतिम रूप दिया था। मुख्य अतिथि सुश्री जरीता लैतफलांग द्वारा ध्वजारोहण के उपरांत कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं के नाम भेजे गए संदेश का वाचन एआईसीसी सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव द्वारा किया गया। अपने संदेश में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा है कि स्वतंत्रता के उपरांत नेहरू जी के नेतृत्व में कांग्रेस ने देश को स्वावलंबी और इसके प्रजातांत्रिक बनाने में अहम भूमिका निभाई थी जिस पर विगत 11 वर्ष से केंद्र की भाजपा सरकार ने गंभीर आघात पहुंचा है। अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि भाजपा चुनाव आयोग के माध्यम से वोट चोरी कर सत्ता पर काबिज हो रही है जो कि मतदाताओं के मताधिकार और सरकार चुनने के निर्णय को खारिज कर रहा है। प्रदेशाध्यक्ष ने राज्य में मौजूद भाजपा सरकार को सभी मोर्चे पर फेल बताया है।

### कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, बैकुंठपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की संचालिका बीके रेखा बहन ने समस्त बीके भाई-बहनों एवं नगरवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने अपने संदेश में कहा कि जन्माष्टमी का त्यौहार हमारे लिए अत्यंत प्रिय है, क्योंकि यह हमारे लाडले नंदलाल श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रतीक है। यह पर्व स्नेह, श्रद्धा और भावनाओं को जागृत करने वाला तथा आनंद और उल्लास प्रदान करने वाला है। बीके रेखा बहन ने श्रीकृष्ण के जीवन की आध्यात्मिक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि जब आत्मा 16 कलाओं से संपन्न होकर निर्विकारी और अहिंसा परमो धर्म स्वरूप थी, तभी उसे सुंदर कहा गया और जब आत्मा विकारों से प्रभावित हुई तो उसे श्याम कहा गया। पर्व के उपलक्ष्य में सेवा केन्द्र परिसर में आकर्षक झूले, महल एवं सजावट की गई, जिन्हें देखने के लिए सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिनसे वातावरण भक्तिमय हो उठा।



### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

मनेन्द्रगढ़। यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिन विद्यालय के लिए विशेष रहा, क्योंकि इस अवसर पर विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष जन्माष्टमी उत्सव को और अधिक रोचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए विद्यालय में इंटर हाउस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में चारों हाउसेज शिवाजी हाउस, टैगोर हाउस, अशोक हाउस और रमन हाउस के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला, प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मनमोहक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से हुई। इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण, राधा, बलराम, मीरा आदि विभिन्न किरदारों का रूप धारण कर अपनी प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मनभावन सोलो डांस और ऊर्जावान ग्रुप डांस प्रस्तुत किए। इनमें श्रीकृष्ण लीला के विभिन्न प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने दर्शकों को भाव-विभोर कर



दिया, वहीं एवीएन के माध्यम से जन्माष्टमी का महत्व और श्रीकृष्ण के जीवन से मिलने वाली शिक्षाओं को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा मटकी फोड़ प्रतियोगिता। इसमें विद्यार्थियों ने आपसी सहयोग और जोश का अद्भुत परिचय दिया। इस प्रतियोगिता ने पूरे वातावरण को उत्साह, उमंग और उल्लास से भर दिया। संपूर्ण आयोजन में बच्चों ने न केवल बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, बल्कि अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय भी दिया।

### डूमरकछार में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मना

बिजुरी। नगर परिषद डूमरकछार में जन्माष्टमी का पर्व इस साल बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में पहली बार आयोजित इस सामूहिक कार्यक्रम में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह उत्सव 16 अगस्त को वार्ड क्रमांक 10 स्थित दुर्गा पंडाल से शुरू हुआ, जहां से भगवान कृष्ण की झांकी निकाली गई। झांकी जैसे ही नगर के मुख्य चौराहे पर पहुंची श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर स्वागत किया। इस दौरान डीजे की भक्तिमय धुन पर लोग नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस खास मौके पर नगर परिषद के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने पारंपरिक तरीके से मटकी फोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में उनके साथ सभापति जितेन्द्र चौहान, रवि सिंह, राकेश दीवान, रंजीत वर्मा, परिषद के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मटकी फोड़ कार्यक्रम के बाद सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद के रूप में मिठाई बांटी गई।



# गोदरीपारा चीफ हाउस में मना स्वतंत्रता दिवस

**कोरिया कॉलरी।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समर्था सेवा समिति की अध्यक्षता में गोदरीपारा चीफ हाउस चिरमिरी में ध्वजारोहण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

समिति की अध्यक्ष श्रीमती रीता आइच द्वारा ध्वज फहराए जाने के पश्चात राष्टीय गान गूंज उठा और परिसर देशभक्ति के नारों से प्रफुल्लित हो उठा। समारोह में समिति की अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए राष्ट सेवा व अनुशासन के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। वहीं समिति की सचिव श्रीमती कंचन जायसवाल ने महिलाओं के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को रेखांकित करते हुए स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। इस अवसर पर समिति की सदस्य श्रीमती प्रमिला, कजरी श्रीवास्तव, सविता सिंह, शिखा श्रीवास्तव, सुनीता कश्यप, किरण जोल्हे, उर्मिला, बेला सोनवानी, कमला और सुमिला ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रेरणादायी हिंदी एवं भोजपुरी गीतों व कविताओं ने वातावरण को राष्टभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की सफलता में संतोष आइच का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर आए हुए अतिथियों को पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा मिष्ठान वितरण कर समारोह का समापन किया गया।

### देशभक्ति, एकता और प्रेम का संदेश देने स्वतंत्रता दौड़



मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार एवं एसडीएम लिंगराज सिदार, क्रीड़ा अधिकारी विनोद कुमार जायसवाल और जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे के मार्गदर्शन में एमसीबी जिले में प्रातः 7 बजे स्वतंत्रता दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दौड़ में नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी, सी एम ओ इसहाक खान, स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक डॉ. स्वपनिल तिवारी डीईओ आर पी मिरे सहित नगर पालिका परिषद् के जनप्रतिनिधि, शिक्षा एवं खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं नगर के सभी वर्ग के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### विश्व फोटोग्राफी दिवस आज...



बैकुण्ठपुर। आज विश्व फोटोग्राफी दिवस है, यह फोटो कुछ वर्ष पूर्व पटना क्षेत्र में एनएच 43 किनारे स्थित सूखे पेड़ के टहनियों के बीच सुबह के समय सूर्य ऐसी स्थिति में पहुंचा, तब परफेक्ट शॉट लिया गया, जिसे देखकर लगता है कि सूर्य को प्रकृति का सहारा मिल गया।

### प्रशासनिक एवं निजी संस्थानों में किया गया ध्वजारोहण

**भैयाथान।** 79 वां स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर प्रशासनिक व निजी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रीय पर्व पर उपस्थित होकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। अनुविभागीय कार्यालय में एसडीएम चांदनी कंवर, जनपद कार्यालय में जनपद अध्यक्ष सुलोचनी पैकरा, विकासखंड शिक्षा कार्यालय में जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, अटल सेवा सदन में मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, होली क्रॉस में प्रकाश दुबे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राकेश सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैलेन्द्र गुप्ता, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में रावेंद्र प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया।

# एसईसीएल के लंबित मामलों पर कलेक्टर की सख्ती

**मनेन्द्रगढ़।** एसईसीएल हसदेव क्षेत्र से जुड़े लंबित मामलों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट ने की। बैठक में अवैध कब्जा हटाने, कर वसूली, जल प्रदाय, बिजली व्यवस्था और स्वच्छता सुधार जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।



कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़, नई लेदरी, झगराखांड और खोंगापानी के अधिकारियों को कठोर निर्देश दिए कि तय बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई करें। इनमें एसईसीएल क्वार्टरों से अवैध कब्जा हटाने, बकाया कर एवं यूजर चार्ज वसूली, कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, खोंगापानी की जल आपूर्ति और बिजली कटौती की समस्या दूर करने, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, खंडहरनुमा आवासों को ध्वस्त कर भूमि का उपयोग सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों पर निर्णय लिए गए। साथ ही, अंबेडकर मांगलिक भवन के लिए भूमि चिन्हांकन और एसईसीएल अस्पताल में मिलेट्स कैफे शुरू करने पर सहमति बनी। कलेक्टर ने सभी विभागों को तय निदेर्शों का शीघ्र पालन करने के आदेश दिए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एनएचएम स्वास्थ्यकर्मी...

स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में भी स्वास्थ्य व्यवस्था काफी प्रभावित हुई। एनएचएम कर्मियों के पहले दिन के ही हड़ताल से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ जिला चिकित्सालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य व्यवस्था लड़खड़ा गई है। सरकारी अस्पताल में मरीजों को एनएचएम कर्मियों के हड़ताल के कारण कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले गरीब मरीजों एवं उनके परिजन को सरकारी स्वास्थ्य सेवा के पटरी से उतरने के कारण उन्हें कई तरह के दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि एनएचएम कमी संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर सरकार को 15 अगस्त मांगों को पूरा नहीं करने की स्थिति में 18 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का अल्टीमेटम दिया था, इस अवधि तक सरकार द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं किए जाने से क्षुब्ध एनएचएम कर्मियों ने 18 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल अपनी मांगों को लेकर शुरू कर दी।

### कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन...

जाने, चार स्तरीय वेतनमान, अन्य राज्यों की भांति प्रदेश में कैशलेस चिकित्सा सुविधा के साथ कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांग पूरा करने के लिए पूर्व में चरणबद्ध ज्ञापन शासन के नाम दिया जा चुका है, आगे चरणबद्ध आंदोलन के तहत 22 अगस्त को प्रेमाबाग धरना स्थल में समय 11:30 बजे से समस्त कर्मचारियों-अधिकारियों की उपस्थिति होकर धरना प्रदर्शन करेंगे एवं समय 2 बजे प्रेमाबाग से मशाल रैली के साथ कुमार चौक तक आकर एसडीएम बैकुंठपुर के माध्यम से शासन को अपनी मांग के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि कर्मचारियों की मांग समय पर पूरी नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए विवश होंगे। बैठक में 22 अगस्त हड़ताल की तैयारी के लिए संगठनों को टेंट, पंडाल, साउंड, तख्ती, बैनर, पानी, मशाल की तैयारी के साथ साथ वॉलिंटियर्स की जिम्मेदारी सौंपी गई। रैली को व्यापक एवं विशाल बनाने के लिए फेडरेशन के सभी संगठन प्रमुखों ने अपना अपना समर्थन दिया। बैठक में कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संभागीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह दद्दा, संरक्षक शंकर सुमन मिश्रा, ए पन्ना, फेडरेशन जिला संयोजक एवं राजपत्रित अधिकारी संघ जिला अध्यक्ष डॉ.आरएस चंदे, जिला उपाध्यक्ष सिद्धिविनायक पांडे, मोतीलाल वर्मा, महासचिव विश्वास भगत, जिला प्रवक्ता सुरेश एक्का, अमृतांशु मिश्रा, कोषाध्यक्ष शिवलाल राजवाड़े एवं संगठन जिला अध्यक्ष माधव राजवाड़े, श्रेयांश जायसवाल, अमृत टुंडे, जमुना प्रसाद राजवाड़े, भारत कुमार यादव, अजय पांडे, समोद दुबे, मुकेश प्रताप सिंह, ब्रह्मानंद, परमेश्वर राजवाड़े, दीपक तिर्की, रवि पांडे, राघवेन्द्र तिवारी, कमलेश खाखा, शिव पटेल, रवि प्रकाश मिश्रा, राम विनोद, रविन्द्र सिंह, दिनेश पटेल, डॉ. बीआर नायक, अंकिता तिवारी एवं संगठन के सदस्य उपस्थित होकर हड़ताल के लिए समर्थन दिए।

### घुमंतू व आवारा...

ग्राम पंचायत भाड़ी के सरपंच शिव बालक पंडो ने कहा कि जहां अन्य गांव शासन की हमर गांव-हमर गौठान योजना का इंतजार कर रहे हैं, वहीं भाड़ी ने स्वयं गौशाला बनाकर यह संदेश दिया है कि सेवा की भावना से कोई भी समस्या हल की जा सकती है। ग्राम सचिव राम विनोद यादव ने स्पष्ट किया कि यह सुविधा केवल स्थानीय आवारा गौवंश के लिए है, अन्य गांवों के लोग यदि यहां अपने मवेशी छोड़ेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गौ सेवक रिचेश सिंह चौहान ने बताया कि आवारा गौवंश के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती थीं, जिन्हें देखकर मन व्यथित हो जाता था। अब गौशाला बनने से यह समस्या काफी हद तक खत्म हो गई है।

### विद्यार्थी जीवन में ...

विशिष्ट अतिथि वक्तव्य में श्रीमती नविता शिवहरे ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण व शिक्षकों से सकारात्मक व्यवहार की प्रेरणा दी। यूएस शुक्ला ने अनुशासन को जीवन की सफलता का मूल मंत्र बताया। पत्रकार श्री कश्यप ने छात्रों को आज से ही लक्ष्य निर्धारण कर सफलता की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने शिक्षा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर बल दिया तथा महाविद्यालय के विकास के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

# सजल, काव्यम और ईशान को मिला मेडिकल कॉलेज में दाखिला

**मनेन्द्रगढ़।** राष्टीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट-2025) के परिणाम में जिले के तीन होनहार विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। बरबसपुर के सजल शर्मा, हर्रा के काव्यम राय और नागपुर के ईशान सिंह ने अपनी काबिलियत का परिचय देते हुए प्रदेश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश पाया है। सजल शर्मा ने ऑल इंडिया रैंक 65040 एवं स्टेट रैंक 396 हासिल कर अंबिकापुर के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस की सीट प्राप्त की है।

काव्यम राय ने ऑल इंडिया रैंक 7235 और स्टेट रैंक 11 के साथ रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लिया है। वहीं ईशान सिंह ने ऑल इंडिया रैंक 82000 एवं स्टेट रैंक 613 प्राप्त कर सिम्स बिलासपुर में दाखिला लिया है।



सजल शमा ने कहा कि मेरे माता-पिता और गुरूजन के आशीर्वाद तथा कठिन परिश्रम से यह सफलता मिली है। मेरा सपना एक अच्छा डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। काव्यम राय- लगातार मेहनत और आत्मविश्वास से ही सफलता मिलती है। मैं चाहता हूं कि हमारे गांव के और भी बच्चे पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ें। ईशान सिंह- नीट की तैयारी कठिन जरूर है, लेकिन संकल्प मजबूत हो तो मंजिल मिलकर रहती है।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**
**ईकोर्ट रा.प्र.क्र. ..... /अ-21/2024-25**
**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, कि आवेदकगण श्री मनीष कुमार, श्रीमती अनामिका सिंह आ. श्री अखिलेश कुमार सिंह जाति कोईर दोनो निवासी चिरमिरी तहसील चिरमिरी जिला एम.सी.बी. छ.ग. द्वारा ग्राम चेर तहसील बैकुण्ठपुर स्थित व्यपवर्तित भूमि एवं उस पर निर्मित मकान ख.नं. 243/28 रकबा 0.0190 हे. भूमि आवेदकगण को रूपयों की आवश्यकता होने के कारण क्रेता श्रीमती शालिनी बाजपेयी पति श्री एस.एन. बाजपेयी जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड नं. 07 स्कूलपारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. को भूमि विक्रय करने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ भूमि का बी-1, खसरा, नक्शा एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न किया गया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियो को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 24/08/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

### मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज में किया गया ध्वजारोहण

**अंबिकापुर।** मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज प्राथमिक-पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल व इंजीनियस कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल के संयुक्त तत्वावधान स्वतंत्रता दिवस का समारोह मनाया गया। इस दौरान संस्थापक हाजी डॉ. इम्तियाज अहमद अंसारी ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण उपरान्त उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने में वीर जवानों ने अपना बलिदान दे दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी देश का भविष्य हैं और आपको ही इस देश को आगे बढ़ाना है। बेहतर शिक्षा हासिल कर देश के लिए काम कर सकते है। ध्वजारोहण पश्चात बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान प्राचार्य शाहीन गजाला, समस्त स्टाफ, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।





